वर्ष- 3 , अंक- 41
छपरा
30 दिसंबर मंगलवार
2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

**उन्नाव रेप केसः कुलदीप सेंगर की जमानत पर रोक**

## सीजेआई बोले: जज से भी गलती हो सकती है; पीड़ित रोई, कहा- फांसी दिलाऊंगी




**उन्नाव,एजेंसी।** उन्नाव रेप केस में रेपिस्ट पूर्व क्ष्छ्कविधायक कुलदीप सेंगर की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। कोर्ट ने सेंगर को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा। मामले में 4 हफ्ते बाद सुनवाई होगी। सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट ने 23 दिसंबर को जमानत दी थी।

जमानत के खिलाफ CBI ने सुप्रीम कोर्ट में 3 दिन पहले याचिका लगाई थी। सोमवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच में सुनवाई हुई। बेंच ने दोनों पक्षों की करीब 40 मिनट तक दलीलें सुनीं। CJI ने कहा- हाईकोर्ट के जिन जजों ने सजा सस्पेंड की, वे बेहतरीन जजों में गिने जाते हैं, लेकिन गलती किसी से भी हो सकती है।

**चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा-** कोर्ट को लगता है कि मामले में अहम सवालों पर विस्तार से विचार जरूरी है। आमतौर पर कोर्ट का सिद्धांत है कि किसी दोषी या विचाराधीन कैदी को रिहा कर दिया गया हो, तो बिना उसे सुने ऐसे आदेशों पर रोक नहीं लगाई जाती, लेकिन इस मामले में परिस्थितियां अलग हैं। क्योंकि आरोपी दूसरे मामले में पहले से दोषी ठहराया जा चुका है। ऐसे में दिल्ली हाईकोर्ट के 23 दिसंबर 2025 के आदेश पर रोक लगाई जाती है।

इससे पहले, कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- ये भयावह मामला है। धारा-376 और पॉक्सो के तहत आरोप तय हुए थे। ऐसे मामलों में न्यूनतम सजा 20 साल की कैद हो सकती है, जो पूरी उम्र की जेल तक बढ़ाई जा सकती है।

### पीड़ित फूट-फूटकर रोई

इधर, सुप्रीम कोर्ट का आदेश सुनते ही पीड़ित फूट-फूटकर रोने लगी। एक्टिविस्ट योगिता भैयाना और अन्य महिलाओं ने उसे संभाला। इसके बाद पीड़ित ने कहा- मैं इस फैसले से बहुत खुश हूं। मुझे सुप्रीम कोर्ट से न्याय मिलेगा। मैं इस लड़ाई को जारी रखूंगी। उसे फांसी की सजा दिलाऊंगी, तब जाकर हमारे परिवार को इंसाफ मिलेगा।

### अब कोर्टरूम में 2 मुख्य दलीलें

CJI सूर्यकांत ने कहा- इस मामले में एक गंभीर कानूनी सवाल है, जिस पर विचार जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा- हाईकोर्ट का आदेश जिन जजों ने दिया है, वे देश के बेहतरीन जजों में गिने जाते हैं, लेकिन गलती किसी से भी हो सकती है।

- ऐसा कैसे हो सकता है कि POCSO कानून के तहत एक पुलिस कॉन्स्टेबल को लोक सेवक माना जाए, लेकिन किसी निर्वाचित जनप्रतिनिधि जैसे विधायक या सांसद को इस दायरे से बाहर कर दिया जाए। अदालत को यह असमानता परेशान कर रही है।
- जस्टिस जेके माहेश्वरी ने सवाल उठाया कि हाईकोर्ट ने अपने आदेश में यह साफतौर पर कहा भी है या नहीं कि आरोपी धारा 376(2)(i) के तहत दोषी है या नहीं। इस पर वरिष्ठ वकील हरिहरन ने कहा कि किसी कानून में दूसरे कानून से परिभाषा उधार लेकर लागू नहीं की जा सकती।

## अरावली केसःसुप्रीम कोर्ट की अपने ही आदेश पर रोक,21 जनवरी तक खनन भी नहीं होगा



**राजस्थान सहित 4 राज्यों से जवाब मांगा**

**जयपुर ,एजेंसी।** अरावली पर्वतमाला को लेकर उठे विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही आदेश (20 नवंबर को जारी) पर रोक लगा दी है। अगली सुनवाई 21 जनवरी 2026 को होगी, तब तक खनन भी नहीं होगा। कोर्ट ने कहा है कि एक्सपर्ट कमेटी गठित की जाए, जो जांच करेगी। यह कमेटी मौजूदा विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट का विश्लेषण करेगी। इसके बाद संबंधित मुद्दों पर कोर्ट को सुझाव देगी।

कोर्ट ने केंद्र और अरावली के चार राज्यों (राजस्थान, गुजरात, दिल्ली और हरियाणा) को भी नोटिस जारी कर इस मुद्दे पर अपने स्वतः संज्ञान मामले पर उनकी प्रतिक्रिया मांगी है।

आज (सोमवार) मुख्य न्यायाधीश (CJI) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और एजी मसीह की अवकाशकालीन पीठ ने अरावली केस की सुनवाई की। CJI सूर्यकांत ने निर्देश दिया है कि विशेषज्ञ समिति की सिफारिशें और उन पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से की गई आगे की टिप्पणियां फिलहाल स्थगित रहेंगी। अदालत ने साफ किया कि अगली सुनवाई तक इन सिफारिशों को लागू नहीं किया जाएगा।


**सॉलिसिटर जनरल ने कहा- गलतफहमियां फैलाई जा रहीं :** सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कहा कि इस मामले में अदालत के आदेशों, सरकार की भूमिका और पूरी प्रक्रिया को लेकर कई तरह की गलतफहमियां फैलाई जा रही हैं। इन्हीं भ्रमों को दूर करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, जिसे अदालत ने स्वीकार भी किया था।

### कोर्ट ने कहा- अदालत की टिप्पणियों का गलत अर्थ निकाला जा रहा

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि अदालत की भी यही भावना है कि विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट और उसके आधार पर अदालत द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों को लेकर गलत अर्थ निकाले जा रहे हैं। CJI ने संकेत दिया कि इन गलत धारणाओं को दूर करने के लिए स्पष्टीकरण की जरूरत पड़ सकती है, ताकि अदालत की मंशा और निष्कर्षों को लेकर कोई भ्रम न रहे।

**सिब्बल का केंद्र से सवाल-क्या 33 बीएलओ की मौत सही**

## लिखा- बंगाल में एक और बीएलओ ने सुसाइड किया; स्कूल में हेड मास्टर का शव मिला



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद कपिल सिब्बल ने देश के अलग-अलग राज्यों में बूथ लेवल ऑफिसर्स (BLO) की मौत पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सोमवार को X पोस्ट में सवाल करते हुए लिखा- बंगाल में एक और BLO की आत्महत्या, पूरे देश में अब तक कुल 33 मौतें, एक कथित घुसपैठिया ठीक नहीं, लेकिन 33 BLO की मौत ठीक है सिब्बल का यह पोस्ट पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले में BLO के सुसाइड पर आया है। 28 दिसंबर को राजकाटा इलाके के स्कूल से BLO हराधन मंडल का शव बरामद हुआ। उनके पास बूथ नंबर 206 का प्रभार था। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट मिला। इसमें SIR के काम के दबाव का जिक्र था। मीडिया रिपोर्ट्स और विपक्ष के मुताबिक पश्चिम बंगाल में अबतक 6 बीएलओ की SIR के दौरान मौत हो चुकी है। मध्य प्रदेश में 9, उत्तर प्रदेश में 4, गुजरात में 4, राजस्थान में 3, बिहार में 2, महाराष्ट्र में 2, तमिलनाडु, केरल और ओडिशा में 1-1 बीएलओ की मौत का दावा है। पंखे से लटका मिला था बीएलओ का शव हराधन मंडल घर से सुबह करीब 10 बजे निकले थे। जब देर तक घर नहीं लौटे तो परिजन तलाशते हुए स्कूल पहुंचे। वहां पर उन्हें मंडल का शव स्कूल के क्लासरुम में पंखे से लटका हुआ मिला। सुसाइड से पहले बीएलओ ने नोट लिखा जिसमें उन्होंने कहा- मैं अब और दबाव नहीं झेल सकता। सुसाइड के लिए मैं खुद जिम्मेदार हूं किसी और का दोष नहीं है। मेरी गलती है।

### 11 राज्यों का SIR पूरा, फाइनल ड्राफ्ट रोल में 3.69 करोड़ वोटर्स हटे

देश में अब तक SIR प्रक्रिया के तहत 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ड्राफ्ट सूची जारी हो चुकी है। इसमें कुल 3.69 करोड़ वोटर्स के नाम हटे हैं। मध्यप्रदेश में 42.74 लाख, छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख, केरल में 24.08 लाख, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 3.10 लाख वोटर्स के नाम कटे हैं। पश्चिम बंगाल में 58.20 लाख, राजस्थान में 41.85 लाख, गोवा में 11.85 लाख, पुडुचेरी में 1.03 लाख, लक्षद्वीप में 1,616, तमिलनाडु में 97 लाख और गुजरात में 73 लाख वोटर्स के नाम कटे हैं।

### आंध्र प्रदेश में टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस में आग, 1 की मौत

**2 एसी कोच जले**



**विशाखापट्टनम,एजेंसी।** विशाखापट्टनम से करीब 66km दूर येलमंचिली में टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस ट्रेन के दो डिब्बों में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रविवार रात 12:45 बजे ट्रेन में आग लगने की खबर मिली। उस वक्त ट्रेन आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली में येलमंचिली रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई थी। जब ट्रेन में आग लगी, तो दोनों कोच में से एक में 82 और दूसरे में 76 यात्री थे। पुलिस को क्षा कोच से एक शव मिला। मरने वाले की पहचान 70 साल के चंद्रशेखर सुंदरम के रूप में हुई है। जले हुए कोच अलग करके ट्रेन को एर्नाकुलम रवाना कर दिया गया। यात्रियों को दूसरे साधनों से उनके गंतव्य तक भेजा जाएगा। दो फोरेंसिक टीमें आग लगने के कारणों का पता लगा रही हैं।

### ललित मोदी ने वायरल वीडियो पर माफी मांगी

**लिखा- मैं भारत सरकार से माफी मांगता हूं; कहा था- मैं और माल्या भारत के सबसे बड़े भगोड़े**



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारत में आर्थिक अपराधी घोषित ललित मोदी का 22 दिसंबर को वीडियो सामने आया था। इसमें वो भगोड़े विजय माल्या के साथ नजर आए थे। इसमें ललित ने खुद को और माल्या को भारत के दो सबसे बड़े भगोड़े कहा था। अब ललित ने अपने वीडियो पर माफी मांगी है। x पोस्ट में ललित ने लिखा- मेरे बयान से यदि किसी की भावनाएं आहत हुई हों, खासकर भारत सरकार की, तो मैं इसके लिए माफी चाहता हूं।

**शाह बोले-असम जैसे पूरे देश से घुसपैठिए भगाएंगे**

## असम के स्वतंत्रता-सेनानी गोपीनाथ ने असम को भारत में बनाए रखने के लिए नेहरू को मजबूर किया



**गुवाहाटी,एजेंसी।** असम के नौगांव में सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बटाद्रवा स्थान पुनर्विकास परियोजना का उद्घाटन करने पहुंचे। कार्यक्रम में शाह ने कहा- हिमंत बिस्वा सरमा ने बांग्लादेशी घुसपैठियों से एक लाख जमीन बीघा जमीन मुक्त करवा दी है। इसी तरह पूरे देश से हम घुसपैठियों को भगाएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि आज मैं गोपीनाथ बोरदोलोई जी को याद करना चाहता हूं। अगर वे नहीं होते, तो आज असम और पूरा नॉर्थ ईस्ट भारत का हिस्सा नहीं होता। शाह ने कहा कि गोपीनाथ ने ही जवाहरलाल नेहरू को असम को भारत में बनाए रखने के लिए मजबूर किया था।

**227 करोड़ की बटाद्रवा परियोजना का शुभारंभ किया:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बटाद्रवा थान में 227 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकसित श्रीमंत शंकरदेव आविर्भाव क्षेत्र का उद्घाटन किया। यह स्थान असम के महान वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव की जन्मभूमि है। अमित शाह का पारंपरिक सत्रिया नृत्य और संगीत के साथ स्वागत किया गया।

उन्होंने गुरु आसन (पूजनीय गद्दी) वाले मुख्य भवन में जाकर दर्शन भी किए।

### अमित शाह बोले-

- केंद्र सरकार ने उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौते किए हैं, जिनमें से 92त्न शर्तें पूरी की जा चुकी हैं। असम में शांति और विकास की स्थिति मजबूत हुई है।
- बटाद्रवा थान को नव-वैष्णव धर्म का केंद्र है। यह जगह असम की सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। परियोजना से पर्यटन और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।
- असम में केंद्र सरकार के प्रयासों से शांति, विकास और सांस्कृतिक संरक्षण हो रहा है। गुवाहाटी में नई सुरक्षा व्यवस्था से शहर सुरक्षित बनेगा।
- एक बार फिर असम की जनता भाजपा को अपना समर्थन दे। हम पूरे असम को घुसपैठियों से मुक्त करेंगे। जो लोग घुसपैठियों को वोट बैंक मानते हैं, वे ऐसा कभी नहीं कर सकते।
- असम ने डॉ. मनमोहन सिंह जी को राज्यसभा भेजा, लेकिन वे केवल 7 बार ही असम आए, जिनमें से 2 बार तो केवल राज्यसभा का नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए आए थे।

## जमशेदपुर पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म,ओल चिकी लिपि के डेवलपमेंट की सराहना की




**पूर्वी सिंहभूम,एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को जमशेदपुर के करनडीह स्थित दिशोम जाहेरथान प्रांगण में आयोजित 22वें संताली परसी माहा एवं ओल चिकी लिपि शताब्दी समारोह में संथाली भाषा में गीत गाकर माहौल को सुरमयी बना दिया। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत संथाली नेहोर गीत जोहार जोहार आयोज से की, जिसे उन्होंने लगभग तीन मिनट तक गाया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद लोग मंत्रमुग्ध होकर राष्ट्रपति को सुनते रहे।

ऑल इंडिया संताली राइटर्स एसोसिएशन और दिशोम जाहेरथान कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने कहा कि करनडीह आने से पहले उन्होंने जाहेर आयो को नमन किया और गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने जीवन संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज के लोगों का प्रेम और इष्टदेवों का आशीर्वाद ही उन्हें इस मुकाम तक लेकर आया है। राष्ट्रपति ने ओल चिकी लिपि को संथाली समाज की पहचान, आत्मसम्मान और एकता का मजबूत आधार बताया।

राष्ट्रपति मुर्मु ने ऑल इंडिया संताली राइटर्स एसोसिएशन के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन वर्षों से आदिवासी स्वाभिमान और अस्तित्व की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

राष्ट्रपति ने संविधान के संथाली (ओल चिकी) अनुवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि जब कानून और अधिकारों की जानकारी मातृभाषा में होती है, तब समाज सशक्त बनता है और अज्ञानवश निर्दोष लोगों को सजा से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संथाली भाषा संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल है, इसलिए देश को चलाने वाले नियम और कानून की जानकारी भी संथाली समाज को अपनी भाषा में मिलनी चाहिए। उन्होंने चिंता जताई कि कानून की जानकारी के अभाव में कई निर्दोष लोग जेल तक पहुंचे हैं। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई हिस्सों में संथाल समाज के लोग रहते हैं और शिक्षित युवाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है।

## यूपी में 12वीं तक स्कूल एक जनवरी तक बंद रहेंगे,45 शहरों में धूप नहीं निकली

**अगले 3 दिन तक भयंकर ठंड पड़ेगी**




**लखनऊ,एजेंसी।** यूपी में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रविवार को आगरा, गोरखपुर, कानपुर समेत 45 जिले घने कोहरे की चपेट रहे। 18 जिलों में कोहरा इस कदर था कि कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। विजिबिलिटी शून्य पहुंच गई हैं।

लखनऊ में धूप नहीं निकली। भयंकर ठंड के चलते सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। ओस की बूंदें बारिश जैसी पड़ रही थीं। गोरखपुर-बलिया में सुबह सड़क और फर्श भीगी नजर आई। आगरा में कोहरे में ताजमहल छिप गया। मेरठ सबसे ठंडा जिला रहा। यहां का पारा 5.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। गोरखपुर, जालौन, वाराणसी रेलवे स्टेशनों पर 50 से ज्यादा ट्रेनें 2 से 10 घंटे की देरी से पहुंचीं। गोरखपुर एयरपोर्ट पर 4 फ्लाइट लेट आईं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में नर्सरी से 12वीं तक सभी स्कूल-कॉलेज एक जनवरी तक बंद रखने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले 13 जिलों के डीएम ने 31 दिसंबर तक स्कूलों की छुट्टी बढ़ाई थी।

मौसम विभाग (IMD) ने 2-3 दिनों तक भयंकर ठंड की चेतावनी जारी की है। बताया- सोमवार को लखनऊ-वाराणसी और प्रयागराज समेत 38 जिलों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहेगा। जबकि 37 जिलों में बहुत अधिक घना कोहरा रहेगा। लोगों को बेवजह यात्रा करने से बचने की सलाह दी है।

बुलंदशहर में कोहरे के चलते ब्रेजा कार सड़क किनारे लगे नल से टकरा गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई।

## जी राम जी से राज्यों को 17,000 करोड़ फायदा होगा,एसबीआई का दावा- यूपी, बिहार और महाराष्ट्र को ज्यादा फायदा



**नई दिल्ली,एजेंसी।** ग्रामीण इलाकों में रोजगार की गारंटी देने वाले नए कानून विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (VB-G RAM G) से राज्यों की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) की लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, फंडिंग पैटर्न में बदलाव के बावजूद राज्यों को सामूहिक रूप से करीब 17,000 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ होने की उम्मीद है।

**नए कानून से ज्यादा काम मिलेगा :** सरकार ने कहा कि नए कानून में हर ग्रामीण परिवार को अब साल में 125 दिन काम देने की गारंटी होगी, जो पहले 100 दिन थी। इससे गांवों में रहने वाले परिवारों को ज्यादा काम मिलेगा और उनकी आर्थिक सुरक्षा मजबूत होगी। कानून की धारा 22 के तहत इस योजना के खर्च को केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर वहन करेंगी। सामान्य राज्यों में खर्च का बंटवारा 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य के बीच होगा। वहीं, पूर्वोत्तर राज्यों, पहाड़ी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों- जैसे उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में केंद्र सरकार 90 प्रतिशत खर्च उठाएगी।

धारा 6 के अनुसार, राज्य सरकारें खेती के व्यस्त समय, जैसे बुवाई और कटाई के दौरान, साल में अधिकतम 60 दिनों तक इस योजना के तहत मिलने वाले काम को नियंत्रित कर सकेंगी।

### 60:40 फंडिंग रेश्यो से राज्यों पर बोझ नहीं बढ़ेगा

इस कानून को लेकर सबसे बड़ी बहस इसके फंडिंग स्ट्रक्चर पर थी। नए नियमों के मुताबिक, केंद्र और राज्यों के बीच फंड का बंटवारा 60:40 के अनुपात में होगा। हालांकि, पूर्वोत्तर राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और हिमालयी राज्यों के लिए यह नियम अलग होगा। SBI की रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ लोग इसे राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ मान रहे हैं, लेकिन डेटा बताता है कि असल में राज्यों को इससे फायदा ही होगा।

### यूपी, महाराष्ट्र और बिहार को सबसे ज्यादा फायदा

SBI ने पिछले 7 सालों (FY19-FY25) के मनरेगा आवंटन के साथ नए सिस्टम की तुलना की है। रिपोर्ट के मुताबिक- उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र को सबसे ज्यादा फायदा होने की उम्मीद है।
बिहार, छत्तीसगढ़ और गुजरात भी बड़े फायदे वाले राज्यों की लिस्ट में शामिल हैं।
तमिलनाडु जैसे कुछ राज्यों में मामूली कमी दिख सकती है, लेकिन अगर पिछले साल के विशेष आंकड़ों को हटा दें, तो वहां भी स्थिति स्टेबल है।

# मनरेगा से आगे, रोजगार के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाने की जरूरत



नीरज कुमार

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** जब मनरेगा लागू हुआ था, उस समय ग्रामीण इलाकों में निजी कामों के लिए पुरुष मजदूर को लगभग 40 रुपये और महिला मजदूर को 30 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी मिल पाती थी। मनरेगा के तहत न्यूनतम 60 रुपये प्रतिदिन मजदूरी की गारंटी मिलने से निजी क्षेत्र में भी मजदूरी की दरों में बढ़ोतरी हुई। इसमें कोई दो राय नहीं कि मनरेगा ने ग्रामीण मजदूरों की सामाजिक और आर्थिक हैसियत को मजबूती दी। मजदूर सिर्फ कामगार नहीं रहा, बल्कि वह अपने श्रम की कीमत समझने और मांगने की स्थिति में आया।

मनरेगा का मूल उद्देश्य ग्रामीण बेरोजगारी को कम करना और न्यूनतम आजीविका की सुरक्षा देना था। लेकिन समय के साथ इसे और मजबूत किए जाने के बजाय धीरे-धीरे कमजोर किया गया। जबकि ज़रूरत इस बात की थी कि काम की गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर कम-से-कम 200 दिन किया जाता और इसे न्यूनतम सीमा माना जाता। आदर्श स्थिति यह होनी चाहिए कि जो भी व्यक्ति काम करना चाहता है, उसे पूरे वर्ष काम मिले। आज महंगाई और जीवन-यापन की लागत को देखते हुए मनरेगा मजदूरी को यथार्थवादी बनाना जरूरी है, ताकि मजदूर सम्मानजनक जीवन जी सके।

मनरेगा को प्रभावी बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण सुझाव यह है कि किसानों के निजी खेतों पर होने वाले श्रम का भुगतान भी मनरेगा के तहत किया जाए। इससे दोहरा लाभ होगा। एक ओर मजदूरों को उचित मजदूरी मिलेगी, वहीं दूसरी ओर बढ़ी हुई मजदूरी का पूरा भार छोटे और सीमांत किसानों पर नहीं पड़ेगा। इसी तरह यदि ग्रामीण क्षेत्र में कोई व्यक्ति अपनी आजीविका के लिए कोई छोटा उद्यम शुरू करना चाहता है और उसमें मजदूरों की आवश्यकता है, तो उन मजदूरों की मजदूरी भी मनरेगा के माध्यम से दी जा सकती है। इससे स्थानीय रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा और पलायन रुकेगा।मनरेगा की सबसे बड़ी समस्या भ्रष्टाचार और भुगतान में देरी है। जब मजदूरी समय पर नहीं मिलती, तो योजना का उद्देश्य ही कमजोर पड़ जाता है। इसलिए आवश्यक है कि मनरेगा में भ्रष्टाचार पर पूरी तरह रोक लगे, बकाया मजदूरी का भुगतान तय समय सीमा के भीतर किया जाए और बेरोजगारी भत्ते का ईमानदारी से भुगतान सुनिश्चित हो। साथ ही ठेकेदारों और मशीनों पर प्रतिबंध के जो प्रावधान हैं, उनका कड़ाई से पालन किया जाए ताकि योजना का लाभ वास्तविक मजदूरों तक पहुंचे।मनरेगा जैसी रोजगार गारंटी केवल ग्रामीण मजदूरों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर पढ़े-लिखे बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए भी इसी तरह का एक अधिनियम लाया जाना चाहिए, जिसमें कम-से-कम 200 दिनों के काम की गारंटी हो। लक्ष्य यह होना चाहिए कि प्रत्येक बेरोजगार युवा के खाते में साल भर में काम करके या बेरोजगारी भत्ते के रूप में कम-से-कम एक लाख रुपये पहुंचें। आज अनेक ऐसे काम हैं—जैसे सर्वेक्षण, जनगणना, चुनाव और परीक्षाओं से जुड़े कार्य—जो उन सरकारी कर्मचारियों से कराए जाते हैं जिनकी मुख्य जिम्मेदारियाँ कुछ और होती हैं। ऐसे कार्य प्रशिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों से कराए जा सकते हैं। इससे एक ओर बेरोजगारी कम होगी और दूसरी ओर प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता भी सुधरेगी। कुल मिलाकर अब समय आ गया है कि रोज़गार के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में स्वीकार किया जाए। जैसे शिक्षा और सूचना का अधिकार नागरिक गरिमा से जुड़ा है, वैसे ही रोज़गार का अधिकार भी सम्मानजनक जीवन की बुनियादी शर्त है। मनरेगा ने यह साबित कर दिया है कि अगर राजनीतिक इच्छाशक्ति हो, तो बेरोजगारी के खिलाफ ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। अब ज़रूरत इस अनुभव को आगे बढ़ाने और उसे व्यापक सामाजिक न्याय के ढांचे में बदलने की है।

## नायगांव पुलिस ने कस्तूरी चक से देसी शराब के साथ एक कारोबारी को किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नायगांव पुलिस ने शराबबंदी को सफल बनाने के लिए थाना क्षेत्र के कस्तूरी चौक में छापामारी कर देसी शराब बरामद करते हुए मौके पर एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया इस बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने सोमवार के शाम बताया कि कस्तूरी चक में छापामारी की गई जिसमें 4 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शराब कारोबारी विकास कुमार जो कस्तूरी चक के रहने वाला है।

## सोनपुर पुलिस ने छापामारी कर देसी शराब निर्माण भट्ठी किया ध्वस्त

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर पुलिस ने शराबबंदी को सफल बनाने के लगातार छापामारी कर रही है फिर भी शराब कारोबारी अपने कारोबार को बंद नहीं कर रहे हैं। सोनपुर थानाध्यक्ष अपने दल बल के साथ थाना क्षेत्र के रहीमपुर के डोमवा घाट के सामने गंगा उस पार दियरा इलाके में अवैध रूप से चल रहे देसी शराब भट्ठी को ध्वस्त करते हुए मौके पर देसी शराब को भी जप्त कर लिया है. इस बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राजनंदन ने सोमवार को बताया कि रविवार के शाम छापामारी कर 15 अवैध देशी शराब भट्ठी को ध्वस्त करते हुए मौके पर 10000 लीटर अर्ध निर्मित शराब को विनिस्ट किया गया है साथ ही 200 लीटर देसी शराब को भी बरामद किया है।

## दो महीने से लापता युवती अचेत अवस्था में बरामद

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** नगर क्षेत्र के सरकारी गाछी से पुलिस ने परसा थाना क्षेत्र की एक युवती को अचेत अवस्था में बरामद किया। पुलिस ने उसे तत्काल इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में परसा थाना की पुलिस को सूचना देकर परसा थाना को सौंप दिया गया। युवती परसा सिकटी गांव की बताई गई है। यह बताया गया है कि युवती करीब दो माह से लापता थी। इस संबंध में युवती के परिजनों ने परसा थाने में अपहरण की प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी। यह बताया गया कि युवती का पहले से विवाह तय था लेकिन किसी अनबन के कारण उसने शादी से इंकार कर दिया था। बिते 16 अगस्त को युवती परीक्षा देने घर से मुजफ्फरपुर गई थी। जिसके बाद से वह वापस घर नहीं लौटी थी। सोमवार को तड़के आरोपियों ने उसे किसी वाहन से लाकर सरकारी गाछी में फेंक दिया और फरार हो गए। घटना में युवती ने होने वाले ससुराल पक्ष के लोगों को आरोपित किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है ।

## ग्राहक बनकर करीब छह लाख रुपये के गहने की चोरी

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** परसा बाजार स्थित सोनी अलंकार ज्वेलर्स एन्ड बर्तन दुकान से चोरों द्वारा ग्राहक बनकर करीब छह लाख रुपये के गहने की चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। चोरी की घटना को लेकर पीड़ित दुकानदार परसा शंकरडीह निवासी श्यामजी प्रसाद के पुत्र सुशील कुमार उर्फ सोनू ने परसा थाने में आवेदन देकर समान बरामदगी की गुहार लगाई है। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुच मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। पीड़ित सतीश कुमार ने कहा है कि सोमवार को करीब साढ़े चार बजे दो युवक ग्राहक बनकर आये और सोने का लॉकेट मांगा तो उसे निकालकर मेरा लड़का हिमांशु उसे लॉकेट दिखाने लगे ।त्योंही उसने कान की बाली मांगी ।तो उसने दूसरे डिब्बे से बाली निकालने लगा ज्योही चोरो ने एक डिब्बे में रखे करीब 58 ग्राम सोने के लोकेट, बाली,व झुमका लेकर चम्पत हो गए ।इधर घटना की जानकारी शाम को गहने का वजन मिलान के वक्त दिखा कि वह गहन की डिब्बा ही गायब है।तो सीसीटीवी फुटेज से मिलान की गई तो चोरो द्वारा गहने की चोरी कर लेने की बाते सामने आई । तबसे दुकानदार परेशान हो पुलिस से गुहार लगा समान बरामदगी की आश में दिखा है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है जल्द ही बदमाशो सलाखों के पीछे होंगे।

## धनौरा में सप्तशक्ति मातृ संगम सफलता पूर्वक सम्पन्न




**दैनिक खोज खबर डोरीगंज/गड़खा (सारण)।** शीतल सिंह सरस्वती शिशु मन्दिर धनौरा गरखा के प्रांगण में विद्या भारती द्वारा आहुत सप्तशक्ति मातृ संगम का आयोजन किया गया। कड़ाके के ठंड के बावजूद इस सम्मेलन में विद्यालय पोषक क्षेत्र कोठियां नरांव के सैकड़ों माताओं एवं बहनों ने भाग लिया ।संगम में महिलाओं के उत्थान एवं घर परिवार के साथ समाज को सनातन एवं धर्म की रक्षा का संकल्प आंगतुओं ने उपस्थित समूहों को दिलाया। महिलाओं में इस कार्यक्रम के प्रति जागरूकता देखने को मिला। विद्या भारती द्वारा संचालित छपरा एवं सिवान से आएं प्रधानाचार्य ने आज के कार्यक्रम पर वृस्तित रुप से चर्चा किया। उपस्थित माताओं एवं बहनों को अपने शिशु के साथ समाज के बच्चों को भी अपनी सनातन संस्कृति की रक्षा करने की बात कही। सम्बोधन करने वालों में विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य सदानंद सिंह, दर्शन नगर छपरा के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, सिवान के प्रधानाचार्य विजय रंजनजी धनौरा के प्रधानाचार्य कृष्णगोपाल,विभाग संयोजिका आशा रंजन, आचार्या प्रीति, पूर्व आचार्या निर्मला मिश्रा, वर्तमान सचिव अरविंद कुमार सिंह कोषाध्यक्ष रमेश सिंह आचार्य रामविनोद प्रभाकर, शैलेश सिंह, सुनील कुमार वर्मा, प्रियंका कुमारी, रेणु कुमारी कार्यक्रम की संयोजिका गायत्री देवी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## मशरक में चल रहे फर्जी नर्सिंग होम पर गयी छापेमारी टीम से अभद्र व्यवहार, प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक में चल रहे फर्जी तरीके से नर्सिंग होम पर छापेमारी के लिए गयी मेडिकल टीम से दबंगई से अभद्र व्यवहार करने और जांच में बाधक बनने पर मेडिकल टीम ने मशरक थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में सीएचसी मशरक के प्रभारी डॉ अनंत नारायण कश्यप ने बताया कि 28 दिसम्बर को दोपहर 12 बजें के लगभग टीम के साथ लखनपुर गोलम्बर के पास महाशक्ति सेवा सदन नर्सिंग होम में छापेमारी की गयी। जिसमें डॉ विकेश कुमार राय पिता मोख्तार राय गांव सिधवलिया जलालपुर कला विशुनपुरा जिला गोपालगंज के द्वारा लखनपुर गोलम्बर के पास नर्सिंग होम चलाया जा रहा है इनके पास किसी भी प्रकार का डिग्री नहीं है और अवैध रूप से नर्सिंग होम संचालित करते हैं। जब जांच टीम पहुंची तों इनके द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया, वहीं जांच पड़ताल में सहयोग नहीं किया गया। जांच के दौरान आपरेशन थियेटर में ताला बंद था जिसे नही खोला गया। एक कमरा अंदर से बंद था वह भी नहीं खोलवाया गया। परिसर में मरीजों के लिए 6 बेड लगा हुआ पाया गया। वहीं नर्सिंग होम का सीसीटीवी का फुटेज उपलब्ध नहीं कराने पर सीसीटीवी का डीभीआर साक्ष्य के लिए जब्त कर लिया गया। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने बताया कि सीएचसी प्रभारी के साथ पुलिस टीम भी गयी हूई थी। उनके द्वारा दिए आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## संत रामागति दास मठिया पर प्रत्येक वर्ष पौष एकादशी को लगता है संतो का जमावड़ा



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक व शैक्षणिक रूप से समृद्ध रहा है। यहां के महान संत रामागति दास महाराज नाथ सम्प्रदाय के प्रमुख संत रहे हैं। जो अध्यात्म व त्याग के बदौलत विख्यात हुए थे। सारण जिले के राजापट्टी स्टेशन के समीप रामपुर जान में इनका आज भी विशाल मठ अवस्थित है। जहां प्रत्येक वर्ष पौष माह के एकादशी को नाथ सम्प्रदाय के संतो का जमावड़ा लगता है। दो दिनों तक यज्ञ ,भंडारा एवं एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन होता है। जेपीविवि के जगदम महाविद्यालय के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ अमरनाथ प्रसाद अपने शोध पत्र में इस महान संत के जीवन व उनके काव्य रचनाओं का विस्तृत चर्चा किए हैं। संत रामागति दास मठिया पर गुरुवार से नाथ सम्प्रदाय के संतों द्वारा यज्ञ व धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे स्थानीय प्रतिनिधि व समाजसेवी बढ़-चढ़ कर हिसा ले रहे हैं। भाजयुमो नेता व समाजसेवी राजीव तिवारी, सरपंच लवलीन चौधरी, जगरनाथ तिवारी, दुर्गा दास, राजरूप दास, शिवजी सिंह, भरत प्रसाद, रामशरण राय, गायक कलाकार नरसिंह दास आदि इस आयोजन को भव्य बनाने में जुटे हैं।

## शाहपुर में चल रहे पांच दिवसीय नाइट टूर्नामेंट प्रतियोगिता दूसरे दिन की पारी का हुआ शुभारंभ



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर के शाहपुर जैतिया स्थित नेहाल नाथ मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय नाइट टूनामेंट प्रतियोगिता का सोनपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता विनोद सिंह सम्राट ने पारी का शुभारभ किया। इसके पूर्व खेल समिति के सदस्यों ने उन्हें सम्मानित किया। भाजपा नेता ने पारी के शुभारभ से पहले सभी खेलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया फिर स्वयं खेल मैदान में उतर कर क्रिकेट खेले फिर खिलाड़ियों के साथ बॉल भी फेक कर खिलाड़ियों का हौसला अफंजाई किया। उन्होंने सोमवार के शाम बताया कि इस खेल में कुल 16 टीम भाग ले रही है. प्रतिदिन शाम 6:00 बजे से रात 10:00 बजे तक खिलाड़ी क्रिकेट खेल रहे हैं.इस खेल में विजेता टीम को 41000/- जबकि उपविजेता टीम को 15000 /-नगद एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित खिलाड़ी समिति सदस्य करेंगे. खेलाड़ियों क़ो खेल में जीत हार से ऊपर उठकर खेलना चाहिए। किसी भी खेल से शरीरिक क्षमता में वृद्धि होती है साथ ही मानसिक संतुलन को भी ठीक करती है. इस खेल में बरौनी, पटना, छपरा, वैशाली, सोनपुर,परसा के खिलाड़ी भाग लेंगे। 31 दिसंबर को फाइनल मुकाबला होगा जिसमें विजेता उप विजेता को पुरस्कृत किया जाएग। इस खेल के प्रदर्शन से आसपास की युवा वर्ग में जोश व जनून देखने को मिला.खेल में खिलाड़ियों के हौसला अफजाई दर्शक बंधु कर रहे हैं. खिलाड़ी भी अपने तत्परता के साथ खेल रहे हैं। सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के कामना करते हैं।

## बिहार बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम के लिए तीन सदस्यीय बाल वैज्ञानिक की टीम पटना के लिए रवाना

### स्कूली बच्चों में शोध को बढ़ावा देना इसका मुख्य उद्देश्य - जिला समन्वयक




**दैनिक खोज खबर**

छपरा (सारण), 29 दिसंबर। बिहार बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम-2025 का राज्य स्तरीय आयोजन दिनांक 30 एवं 31 दिसंबर 2025 को पटना के पश्चिमी गांधी मैदान स्थित श्री कृष्ण विज्ञान केंद्र में आयोजित इस प्रतियोगिता में सारण की तीन सदस्यीय चयनित टीम मंगलवार को पटना के लिए रवाना हो गई। टीम में बिशेश्वर सेमिनरी के आशीष कुमार, नरहरपुर गांव स्थित राजकीय उच्च विद्यालय की प्रियंका कुमारी और जलालपुर के देवरिया गांव स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा तान्या कुमारी शामिल है। टीम के साथ एस्कॉर्ट शिक्षक के रूप में नरहरपुर स्थित उक्त विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका प्रियंका कुमारी भी रवाना हुई है। इस अवसर पर एकेडमिक समन्वयक पंकज कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार, मयंक कुमार, प्रो नवीन कुमार ओझा, सुरेश प्रसाद सिंह, डॉ विकास कुमार सिंह, कामिनी श्रीवास्तव, अभिलाषा कुमारी और प्रभू जी मौजूद रहे। उक्त सभी ने प्रमंडल के तीनों प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी प्रतिभागी काफी प्रतिभावान हैं। सारण सहित राज्य का मान और सम्मान बढ़ाएंगे। साइंस फॉर सोसाइटी के जिला समन्वयक यशपाल कुमार सिंह ने बताया कि विगत 06 दिसंबर 2025 को छपरा शहर स्थित सेंट्रल पब्लिक स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सारण से कुल 6 बच्चों का चयन किया गया था। प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता 14 एवं 15 दिसंबर को गोपालगंज जिले में आयोजित हुई थी। जिनमें से कुल तीन बाल वैज्ञानिकों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया था। जिसमें बिशेश्वर सेमिनरी के छात्र आशीष कुमार स्टडी ऑफ़ सम वीड्स फाउंड इन डिफरेंट फील्ड का सारण डिस्टिक एंड देयर अल्टरनेटिव लाइफ, मढ़ौरा के नरहरपुर स्थित राजकीय उच्च विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका कुमारी बायो चार्ट्स कॉन्ट्रिब्यूशन टू प्रीवेंटिंग सॉइल एरोजन एंड इंप्रूविंग सॉइल क्वालिटी जबकि देवरिया स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा तान्या कुमारी इंप्रूवमेंट ऑफ क्वालिटी एंड क्वांटिटी ऑफ़ क्रॉप प्रोडक्शन विषय के लिए चयनित किया गया है। स्कूली बच्चों में शोध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साइंस फॉर सोसाइटी और राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद पटना द्वारा बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना PM-JAY
आयुष्मान भारत योजना द्वारा चयनित अस्पताल
अखिलेश्वरी आई हॉस्पीटल
आपके मढ़ौरा में पहली बार
शंकर नेत्रालय चेन्नई के प्रसिद्ध नेत्र सर्जन के द्वारा
आयुष्मान रोगी साथ लाएँ
यहाँ मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन फेको विधि से होता है।
आयुष्मान कार्ड
आधार कार्ड
मोबाईल नम्बर
बिना ऑखो मे सुई लगाए।
बिना ऑखो मे चिड़ा लगाए।
बिना ऑखो मे पटी लगाए।
आयुष्मान रोगियों के लिए बिल्कुल नि:शुल्क ऑपरेशन।


हॉस्पीटल


नेत्र परिक्षण


ऑपरेशन थियेटर


रोगीयो का उत्तम व्यवस्था

सब्जी बाजार के दक्षिण, साधुशरण नगर, मढ़ौरा, सारण
7209311850, 7782982277

# बेनौत में बंद पड़े संयुक्त घरों से चोरों ने नगद समेत 60 लाख की संपति उड़ायी

देवेन्द्र कुमार सिंह।

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेनौत गांव में राजेन्द्र सिंह पिता राधा किशन सिंह व आदर्श कुमार पिता रविशंकर सिंह के एक हीं छत के नीचे बंद पड़े संयुक्त घरों के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 60 लाख रुपये से ज्यादा की संपत्ति की चोरी कर ली. बताया जा रहा है कि पीड़ित एक परिवार अपनी दादी की ईलाज के लिए कानपुर गए थे तो दुसरा पीड़ित परिवार हैदराबाद में रहता है.इसी दौरान चोरों ने भीषण ठंड का फायदा उठाकर घर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर घर में प्रवेश कर गए और चोरी की घटना को



अंजाम दिया. इस दौरान चोरों ने एक हीं छत के नीचे दो संयुक्त घरों को अपना निशाना बनाया और बारी बारी से सभी घरों का ताला तोड़कर बारिकी से खंगाला और आलमीरा को भी तोड़कर उसमें रखे गए कुछ नगद और चांदी व सोने के जेवरात समेत एक घर से लगभग 10 लाख तो दुसरे घर से लगभग 50 लाख रूपये मूल्य के संपत्ति की चोरी कर ली. उधर पीड़ित परिवार का कहना है कि चोरी की पूर्व हीं उसे चोरी होने का आभास हो गया था तो उसने सारण एसपी से कॉल कर व व्हाटसॉप के माध्यम से मैसेज भेजकर पुलिस गश्ती को मजबूती और सक्रियता से कराने का अनुरोध किया था. परिजनों द्वारा दिए गए घटना की सूचना पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है. थानाध्यक्ष राहुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पीड़ित परिवार का मामला दर्ज कर लिया गया है. मामले की तहकीकात की जा रही है.चोरी की इस घटना से आसपास के लोगों में दहशत व्याप्त है.

## टीम रैना की सराहनीय पहल, जरूरतमंदों के बीच किया गया कंबल वितरण



**दैनिक खोज खबर/छपरा, 29 दिसंबर।** सारण जिला सहित राज्य के अधिकांश जिलों में शीतलहर का प्रकोप और भीषण ठंड से जूझ रहे छपरा शहर के बेसहारा और जरूरतमंद लोगों के लिए टीम रैना ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश करते हुए नगर क्षेत्र में कड़ाके की ठंड को देखते हुए टीम रैना द्वारा सड़क किनारे और खुले आसमान के नीचे जीवन यापन कर रहे गरीब और बेसहारा लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। यह मानवीय सेवा अभियान शहर के विभिन्न मार्गों पर संचालित किया गया, जहां ठंड से ठिठुर रहे लोगों को राहत पहुंचाई गई। मानवता को अपना धर्म मानने वाली टीम रैना का यह सेवा कार्य लगातार पाँचवें वर्ष भी पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ जारी रहा। ठंड के इस कठिन दौर में जब असहाय लोग रातें गुजारने को मजबूर हैं, ऐसे समय में कंबल पाकर उनके चेहरों पर राहत और संतोष साफ- साफ देखने को मिल रहा था। ठंड की इस रात में टीम रैना की यह पहल निस्संदेह समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनी।

पत्रकार पीयूष रैना ने बताया कि आदित्य सिंह, रोहित, डैविड, अनुभव, अनुराग , विशाल और सूरज के सहयोग इस अभियान को मूर्त रूप दिया गया है। जिन्होंने स्वयं जरूरतमंदों के बीच पहुंच कर कंबल वितरण कर अपनी अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई है। साथ ही कंबल वितरण व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करते हुए यह सुनिश्चित किया कि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाया जाए। शिक्षक सह सामाजिक कार्यकर्ता कुमार मृणाभ ने सेवा भाव से सहभागिता सुनिश्चित कर इस अभियान को मजबूती प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा कई अन्य समाजसेवी और स्वयंसेवकों ने भी सहयोग किया है। मानव सेवा ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है और समाज के कमजोर वर्गों को राहत पहुंचाना ही टीम रैना की प्राथमिकता रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि टीम रैना भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक और मानवीय कार्य निरंतर करती रहेगी।

## रसूलपुर थाना पुलिस ने 20 मिनट में गुमशुदा व्यक्ति को किया बरामद

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** स्थानीय थाना पुलिस को एक आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी गनी सिंह पिता हरेराम सिंह द्वारा अपने भाई गनी सिंह को रविवार की देर शाम से गुम हो जाने की सूचना दी गयी. इसपर मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई कर रसूलपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार श्रीवास्तव ने तकनीकी सहायता के माध्यम से गुमशुदा व्यक्ति का मोबाइल न~ का लोकेशन ट्रैक कराया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर महज 20 मिनट के भीतर गुमशुदा हनी सिंह को एकमा स्थित एक पुलिया के समीप से सकुशल बरामद कर आवश्यक पूछताछ के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया.

## लायंस चिकित्सक दंपति ने डीएलएलआई प्रशिक्षण प्राप्त किया



**दैनिक खोज खबर/ छपरा ।** समाज के प्रति समर्पित लायंस क्लब खैरा सारण के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में लायंस इंटरनेशनल जिला 322श्व के रीजन चेयर पर्सन लायन डॉक्टर कामेश्वर राय एवं लायंस क्लब छपरा फेमिना की अध्यक्ष सरिता राय दोनों पति-पत्नी है ,जो कि हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। डॉ राय एवं श्रीमती राय का 26 दिसंबर से 28 दिसंबर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम नेपाल में भरतपुर के चितवन में रीजेंटा रिजॉर्ट में वर्तमान जिला पाल लायन प्रदीप खेतान एवं रचना खेतान की देखरेख में संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम के मुख्य ट्रेनर के रूप में लायंस क्लब ऑफ़ मुंबई से आनंद मेहता एवं उनकी टीम के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज में फैले विभिन्न प्रकार की बुराइयों को एक टीम वर्क के माध्यम से कैसे दूर किया जाए एवं बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की गुर सिखाई गई।इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में पूरे बिहार से चुने हुए लायंस लीडर को आमंत्रित किया गया था ।जिसमें छपरा से लायन एस जेड रिजवी, लायन ओ पी पाराशर,लायन सरिता राय एवं डॉक्टर कामेश्वर राय कुल चार लोग शामिल हुए, इस कार्यक्रम से लौटने के बाद लायंस क्लब छपरा सारण के पूर्व जिला पाल लायन डॉक्टर एस के पांडे ,डॉ अनिल कुमार, डॉ मनोज संकल्प, डॉक्टर उदय पाठक ,एस फातिमा रिजवी, डॉक्टर विक्की आनंद, डॉक्टर नागेंद्र कुमार, अध्यक्ष संजय कुमार आर्य ,डॉक्टर ओपी गुप्ता ,डॉक्टर मकेश्वर चौधरी, डॉक्टर विकास कुमार ,प्रमोद कुमार मिश्रा एवं लो से लायनकुंवर जायसवाल इत्यादि लायन सदस्यों ने शुभकामनाएं दी।

## राम जानकी पथ निर्माण को लेकर अंचल कार्यालय में खुला हेल्प डेस्क

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अंचल कार्यालय परिसर में हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी। सीओ सुमंत कुमार ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंचल क्षेत्र के इलाके से एन एच 227 ए राम जानकी पथ निर्माण किया जाना है जो उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भगवान राम की जन्मस्थली से मां सीता की जन्मस्थली जनकपुर तक जाएंगी। उसी में यह सड़क यूपी से सिवान जिले होते हुए मशरक के बनसोही में प्रवेश करेंगी और मुजफ्फरपुर की सीमा में प्रवेश करेंगी। उसी में मशरक के आठ गांवों से गुजरेगी जिसमें जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है। आपको बता दें कि बीते दिनों पहले सारण डीएम वैभव श्रीवास्तव ने बनसोही और चैनपुर में पहुंच स्थलीय निरीक्षण किया। उनके आदेशानुसार कैम्प का भी आयोजन किया गया। रैयतों को हो रहीं दिक्कतों को देखते हुए अंचल कार्यालय परिसर में हेल्प डेस्क की स्थापना करने का आदेश जारी किए। जहां भूमी अधिग्रहण में रैयत अपनी समस्याएं और कागज़ात समेत अन्य समस्याओं का समाधान पा सकतें हैं। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि भूमी अधिग्रहण से जुड़ी किसी भी समस्या के लिए प्रतिनियुक्त संबंधित अधिकारी से मिल सकते हैं।



## बड़हरिया के विद्यालय में लगाए गए रिफ्लेक्टर

**बड़हरिया (सिवान)।** ठंड के दिनों में कोहरा के कारण सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हो जाती है। इस कारण प्रखंड के जोगापुर कोठी पटेल नगर में कोहरा को देखते हुए ठेला, रेहड़ी, साइकिल, ट्रैक्टर ट्राली आदि स्लो वाहन पर निःशुल्क रिफ्लेक्टर टेप लगाए जा रहे हैं। समाजसेवी राजेश पटेल ने बताया कि रिफ्लेक्टर के लगने से इस पर जब रोशनी पड़ती है तो सामने कोई वस्तु या गाड़ी आदि के होने का आभास हो जाता है। बताया कि इससे सड़क दुर्घटना में कमी आएगी। रिफ्लेक्टर लगाने वालों में कमल किशोर, राहुल राज, नवीन सिंह और मंगलेश सिंह आदि शामिल हैं।

## घायल ई-रिक्शा चालक की इलाज के दौरान पटना में मौत

**सिवान।** आंदर थाना क्षेत्र के हुजहुजीपुर निवासी घायल ई-रिक्शा चालक रामाशंकर गुप्ता की इलाज के दौरान पीएमसीएच में रविवार की देर शाम मौत हो गई है। मौत की सूचना मिलते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। यह जानकारी सोमवार की सुबह मृतक के पुत्र सोनू कुमार गुप्ता ने दी है। रामाशंकर गुप्ता की मौत की सूचना मिलते ही आंदर थाना की पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी के लिए जांच में जुट गई है। ज्ञात हो कि 21 दिसंबर की दोपहर अमनौरा व हुजहूजीपुर गांव के बीच पूर्व के विवाद को लेकर पट्टीदारों ने रामाशंकर गुप्ता की गोली मारकर घायल कर दिया था। इस संबंध में थानाध्यक्ष पप्पन कुमार ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले पट्टीदार घर छोड़कर फरार हो चुके हैं। फिलहाल उनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**महाराजगंज (सिवान)।** शहर के पुरानी बाजार में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व विस्तारक दिलीप कुमार सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा प्रतिदिन गांव- गांव में बैठक कर लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में जोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गांव- गांव में स्वदेशी अभियान के तहत श्वेत पत्र का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान चलता रहेगा। बैठक में निर्मला जायसवाल, अरविंद कुमार, प्रिंस कुमार, गोलु कुहू, रमेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## बाइक सवार उचक्कों ने झपट्टा मार महिला से 50 हजार रुपये लेकर हुए फरार

**महाराजगंज (सिवान)।** शहर के सुमन चौक के समीप दिन सोमवार की दोपहर बजे उच्चकों ने बैंक से पैसा निकासी कर घर लौट रही एक महिला को झपट्टा मार 50 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। बताया जाता है कि दारौंदा थाने के कौथुआ सारंगपुर निवासी प्रभावती देवी अपनी पोती अंजलि के साथ सोमवार को महाराजगंज स्थित पंजाब नेशनल बैंक से 50 हजार रुपये निकासी कर अपने घर पैदल जा रही थी। वह जैसे ही सुमन चौक के समीप पहुंची एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने महिला को थप्पड़ मारते हुए छोला में रखे 50 हजार रुपये छपट्टा मारकर रुपये लेकर फरार हो गए। महिला एवं उनकी पोती द्वारा हो हल्ला करने पर जब तक आसपास के लोग जुटते बदमाश फरार हो चुके थे। महिला एवं उनकी पोती ने तुरंत महाराजगंज थाना पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पोती अंजली के आवेदन पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रभारी थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि अगल बगल के दुकानों का सीसी कैमरा फुटेज खंगाला जा रहा है।

## शराब मामले में फरार नामजद आरोपित गिरफ्तार

**सिसवन (सिवान)।** थाना पुलिस ने शराब मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया तथा आगे की कार्रवाई के लिए जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान भागर निवासी जुम्मन अंसारी के रूप में हुई है।

## दहेज हत्या मामले में पांच नामजद

**सिवान ।** लकड़ी नबीगंज थाना क्षेत्र के जलालपुर में महिला की हत्याकर साक्ष्य छुपाने के लिए शव जलाने के मामले में मृतका सोनम कुमारी के पिता गोपालगंज के लोहिंजरा निवासी जनार्दन सिंह ने दहेज हत्या की प्राथमिकी कराई है। इसमें अपने दामाद विकास कुमार सहित पांच लोगों को आरोपित किया है। सभी पर दहेज हत्या और साक्ष्य छुपाने के लिए शव जलाने का आरोप लगाया है। घटना के बाद मृतका के ससुराल वाले घर छोड़ फरार बताए जाते हैं। आवेदन में घटना 24 दिसंबर रात की बताई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## मुखिया संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**महाराजगंज (सिवान)।** महाराजगंज प्रखंड के टेघड़ा पंचायत भवन में सोमवार को मुखिया संघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष कन्हैया राय ने की। बैठक में एक स्वर से मुखियों ने कहा कि चार वर्ष बीत गए, हमलोग अपने अधिकार के लिए लड़ते रहे। लेकिन सरकार के तरफ से कोई समाधान नहीं निकला। अध्यक्ष कन्हैया राय ने कहा कि मुख्यालयों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला था, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आश्वस्त किए थे कि मुखियों के उनके हक को ज्यादा से ज्यादा दिलाने का काम किया जाएगा। बैठक में मुखिया रत्नेश्वर यादव, अखिलेश प्रसाद, आनंदी प्रसाद, मनोज कुंवर आदि उपस्थित थे।

## आग लगने से दो बकरियों सहित पांच लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख

**सिवान।** चैनपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ पंचायत अंतर्गत नगई गांव में रविवार देर रात एक घर में आग लगने से दो बकरी की मौत हो गई। इसके अलावे इस घटना में घर में रखे फर्नीचर, कपड़ा, चावल, गेहूं सहित अन्य लाखों रुपये मूल्य के सामान जलकर राख हो गए। पीड़ित जय राम महतो की पत्नी संतुलवा देवी ने बताया कि आग अचानक लगी। जब तक ग्रामीण और परिवार के सदस्य आग पर काबू पाते, तब तक घर में रखे सभी सामान जलकर राख हो गए। इस घटना में करीब पांच लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हुई है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना के बाद गांव में अफरातफरी मच गई थी। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन आग इतनी भीषण थी कि सभी सामान जलकर राख हो गए।

## माघ मेला को लेकर चलेगी बढ़नी-झूसी-बढ़नी अनारक्षित विशेष गाड़ी

**परवेज अख्तर/सीवान।** रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज में लगने वाले माघ मेला के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 05121/05122 बढ़नी-झूसी-बढ़नी माघ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन बढ़नी से 01, 02, 03, 04, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 30, 31 जनवरी एवं 01, 02, 13, 14, 15, 16 फरवरी को तथा झूसी से 02, 03, 04, 05, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 31 जनवरी एवं 01, 02, 03, 14, 15, 16, 17 फरवरी को निम्नवत किया जाएगा। इस संबंध में वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 05121 बढ़नी-झूसी माघ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 01, 02, 03, 04, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 30, 31 जनवरी एवं 01, 02, 13, 14, 15, 16 फरवरी को बढ़नी से 10.25 बजे प्रस्थान कर शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, बृजमनगंज, आनंदनगर, कैम्पियरगंज, पीपीगंज, नकहा जंगल, गोरखपुर, कप्तानगंज, रामकोला, पड़रौना, दुदही, तमकुही रोड, जलालपुर, थावे, हथुआ, सिवान से 17.10 बजे, मैरवा से 17.39 बजे, भाटपार रानी, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, मऊ , दुल्लहपुर, सादात, औड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं, बनारस, माधो सिंह , ज्ञानपुर रोड दूसरे दिन हंडिया खास छूटकर झूसी 01.45 बजे पहुंचेगी। बताया कि वापसी यात्रा में 05122 झूसी-बढ़नी माघ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 02, 03, 04, 05, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 31 जनवरी एवं 01, 02, 03, 14, 15, 16, 17 फरवरी को झूसी से 06.30 बजे प्रस्थान कर से विभिन्न स्टेशन होते हुए मैरवा से 13.20 बजे, सिवान से 14.10 बजे छूटकर अन्य स्टेशन होते बढ़नी 21.45 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में एसएलआर के दो एवं सामान्य द्वितीय श्रेणी/शयनयान श्रेणी के 14 कोच सहित कुल 16 कोच लगाया जाएगा।

# छपरा-झूसी-छपरा के बीच चलेगी माघ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी

**दैनिक खोज खबर।** परवेज अख्तर/सीवान। रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज में लगने वाले माघ मेला के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 05115/05116 छपरा-झूसी-छपरा माघ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन छपरा से 01, 02, 03, 04, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 30, 31 जनवरी एवं 01, 02, 13, 14, 15, 16 फरवरी को तथा झूसी से 03, 04, 05, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 22, 23, 24, 25, 26, 27 जनवरी एवं 01, 02, 03, 15, 16, 17 फरवरी को किया जाएगा। इस संबंध में वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 05115 छपरा-झूसी माघ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 01, 02, 03, 04, 13, 14, 15,16, 17, 18, 19, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 30, 31



जनवरी एवं 01, 02, 13, 14, 15, 16 फरवरी को छपरा से 17.00 बजे प्रस्थान कर दाउदपुर, एकमा, चैनवा, दारौंदा से 17.52 बजे, सिवान से 18.15 बजे, जीरादेई से 18.26 बजे, मैरवा से 18.38 बजे, बनकटा, भाटपार रानी, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, औड़िहार, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड तथा दूसरे दिन हंडिया खास छूटकर झूसी 01.30 बजे पहुंचेगी। बताया कि वापसी यात्रा में 05116 झूसी-छपरा माघ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 03, 04, 05, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 22, 23, 24, 25, 26, 27 जनवरी एवं 01, 02, 03, 15, 16, 17 फरवरी को झूसी से 10.00 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशन होते हुए मैरवा से 16.29 बजे, जीरादेई से 16.41 बजे, सिवान से 16.55 बजे, दारौंदा से 17.11 बजे, चैनवा, एकमा तथा दाउदपुर से छूटकर छपरा 18.30 बजे पहुंचेगी।

## छह घंटे देरी से पहुंची वैशाली एक्सप्रेस

**सिवान।** कड़ाके की ठंड और कोहरे की धुंध ट्रेनों की गति के लिए बाधक बन रही है। ट्रेनों की गति ठहरने से यात्रा के दौरान यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को कई ट्रेनें अपनी निर्धारित समय से काफी देर से सिवान जंक्शन के विभिन्न प्लेटफार्म पर पहुंची। ट्रेनों की लेटलतीफी के कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को 12566 बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 13 घंटे दस मिनट, 14674 शहीद एक्सप्रेस एक घंटे तीस मिनट, 55038 थावे-सिवान सवारी गाड़ी एक घंटे 40 मिनट, 13020 बाघ एक्सप्रेस एक घंटे बीस मिनट, 15566 वैशाली एक्सप्रेस पांच घंटे 50 मिनट, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन हमसफर स्पेशल 14 घंटे 48 मिनट, 15078-गोमती नगर-कामाख्या एक्सप्रेस एक घंटे बीस मिनट, 02564 नई दिल्ली-बरौनी क्लोन हमसफर स्पेशल 13 घंटे 41 मिनट, 02563 बरौनी-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल दस घंटे 20 मिनट, 15708 अमरापाली एक्सप्रेस चार घंटे 50 मिनट, 15027 मौर्य एक्सप्रेस दो घंटे, 14006 लिच्छवी एक्सप्रेस तीन घंटे 50 मिनट, 12565 बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस एक घंटे, 02569 दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल एक घंटे दस मिनट के लेट से सिवान जंक्शन पहुंची। इसके अलावा अन्य ट्रेनें भी विलंब से चलीं। जिसे यात्रियों को काफी परेशानी का सामान करना पड़ा।

## बैंकों की सुरक्षा सुदृढ़ करने को चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान

परवेज अख्तर/सीवान। पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के निर्देश पर जिले के सभी थानों द्वारा सोमवार को व्यापक रूप से बैंक जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने सभी प्रमुख बैंकों, एटीएम और आसपास के संवेदनशील इलाकों में गहन जांच की। बैंक परिसर के मुख्य गेट, कैश काउंटर, पार्किंग स्थल तथा ग्राहक प्रतीक्षालय में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से जांच-पड़ताल की। कई स्थानों पर बैंक आने-जाने वाले ग्राहकों की पहचान सत्यापन भी की गयी। संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गयी और बिना कारण बैंक के आसपास घूमने वालों से पूछताछ की गई। एसपी ने कहा कि जिला अंतर्गत सभी थानों द्वारा बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। थानाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि बैंक चेकिंग में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। बैंक में लगे सीसी कैमरों की स्थिति, कार्य क्षमता, गार्ड की तैनाती, अलार्म सिस्टम और इमरजेंसी प्रतिक्रिया व्यवस्था को प्रतिदिन चेक किया जाए। साथ ही बैंक प्रबंधकों के साथ समन्वय बनाकर सुरक्षा संबंधी खामियों को तुरंत दूर करने के लिए निर्देशित किया गया है। कहा कि बैंक सुरक्षा आम नागरिकों की सुरक्षा से सीधे जुड़ी है।

